2 फरीदाबाद
जिले भर की सड़कों पर ट्रेक्टर-ट्रॉली के रूप में सरेआम दौड़ती रहती है मौत

6 अभिमत
भारत का अनूठा ऊर्जा परिदृश्य

9 देश-विदेश
राहुल की टिप्पणी और अडाणी समूह के मुद्दे पर लोकसभा में हंगामा

11 फीचर
क्या हमेशा के लिए खत्म हो जाएगा महोबा का देशावरी पान?

RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 6 अंक 38
फरीदाबाद, बुधवार, 15 मार्च, 2023
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



भारत के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर कप्तान पैट कमिंस
पेज - 12

# गणित विभाग ने मनाया इंटरनेशनल पाई डे

**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में मंगलवार को गणित विभाग के तत्वाधान में इंटरनेशनल डे ऑफ मैथमेटिक्स एवं इंटरनेशनल पाई डे मनाया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता के निर्देशन एवं कुशल मार्गदर्शन में इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए रंगोली प्रतियोगिता एवं पाई दौड़ आयोजित की गई। गणित विभागाध्यक्ष डॉ. केएल कौशिक इस कार्यक्रम में संयोजक रहे तथा उन्होंने गणित के क्षेत्र में पाई की उपयोगिता के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया। रंगोली प्रतियोगिता में पांच टीम थी। जिनमें प्रथम स्थान पर नेहा, आंचल (एमएससी प्रथम वर्ष), दूसरे स्थान पर मानसी, करिश्मा (बीएससी मैथ्स ऑनर्स तृतीय वर्ष), तीसरे स्थान पर भावना (बीएससी मैथ्स ऑनर्स द्वितीय वर्ष) तथा भावना (एमएससी मैथ्स द्वितीय वर्ष) रही तथा पाई दौड़ में चार टीमों ने भागीदारी दिखाई।